आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :469 पृष्ठ -4 दिनांक 04 मई 2025 दिन रविवार

## उत्तर प्रदेश स्थित संभल में सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी का तबादला

## अनुज चौधरी का ट्रांसफर, जानें- अब कहां मिली पोस्टिंग?

उत्तर प्रदेश स्थित संभल में सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी का तबादला कर दिया गया है. अब वह संभल के सीओ नहीं रहेंगे. उनकी जगह नए अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है. संभल सर्किल ऑफिसर के पद पर तैनात रहे अनुज चौधरी का तबादला कर दिया गया है. अब वह संभल के सीओ नहीं रहेंगे. उनकी जगह नए अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है. अनुज चौधरी अब चंदौसी के सीओ होंगे. जानकारी के अनुसार पुलिस उपाधीक्षक अनुज चौधरी, अब क्षेत्राधिकारी चंदौसी होंगे. साथ ही वह न्यायालय सुरक्षा, मॉनिटरिंग सेल के अंतर्गत चंदौसी कोर्ट एवं छ।थ्ै के कार्यों का पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी संभालेंगे.बता दें अनुज चौधरी होली के वक्त पर सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने कहा था कि जुमा साल में 52 बार आता है. होली साल में 1 बार आती है. मुस्लिम समुदाय के लोगों को यदि ये लगता है कि होली के रंग से आपका धर्म भ्रष्ट हो जाएगा तो उस दिन घर से न



निकलें.अनुज चौधरी का ट्रांसफर ऐसे वक्त में किया गया है जब उनको मिली क्लीन चिट को निरस्त कर उनके खिलाफ दोबारा से जांच शुरू की गई है.आलोक कुमार को दी गई है. वह क्षेत्राधिकारी संभल होने के साथ ही लाइन, प्रशिक्षण, थाना साइबर क्राइम एवं आंकिक शाखा के कार्यों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी भी संभालेंगे.इसके अलावा पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार सिंह जो अभी तक क्षेत्राधिकारी यातायात की जिम्मेदारी निभा रहे थे, वह अब क्षेत्राधिकारी कार्यालय, यूपी 112, मीडिया सेल, जनसुनवाई एवं एलआईयू के कार्यों के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी देखेंगे.वहीं क्षेत्राधिकारी चंदौसी की जिम्मेदारी संभाल रहे आलोक सिद्धू को क्षेत्राधिकारी बहजोई एवं महिला व बाल सुरक्षा संगठन इकाई के कार्यों के पर्यवेक्षण का जिम्मा सौंपा गया है.पुलिस अधीक्षक केके विश्नोई द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि- जनपद में नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के कार्य विभाजन में आंशिक सशोधन करते हुए कार्य विभाजन किया गया है. संबंधित अधिकारी अनुपालन सुनिश्चित करें.।

## सीएम योगी से मुलाकात के बाद कपिलदेव ने दे दिया बड़ा बयान

## अखिलेश यादव हुए खुश, कहा- बढ़ा हमारा उत्साह

साल 1983 में भारत को क्रिकेट की दुनिया में पहला विश्व कप जिताने वाले कप्तान कपिल देव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की. मुलाकात के बाद उन्होंने एक बयान दिया जो अब सुर्खियों में है. समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी उनके बयान से खुश हो गए हैं. कपिल देव के बयान का वीडियो सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करतेहुए सपा चीफ ने लिखा- सपा के समय लखनऊ में बने वर्ल्ड क्लास पुलिस मुख्यालय की महान क्रिकेटर कपिल देव जी जैसे अच्छे और सच्चे लोगों से मिली सराहना हमारा उत्साह बढ़ाती है. बड़ी सोच से प्राप्त हुई उपलब्धि का मोल और मान वही समझ सकता है, जिसने स्वयं बड़ी उपलब्धि पायी हो . सपा का काम, दुनिया में मान!बता दें पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल देव ने कहा, ष्बहुत अच्छा लग रहा है और हम उत्तर प्रदेश को बदलते हुए देख रहे हैं. जिस प्रदेश में कानून व्यवस्था बेहतर है, वह प्रदेश सबसे अच्छा है.ष्दरअसल, कपिल देव ने लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश पुलिस के दफ्तर की तारीफ की. जब कपिल ने यह बयान दिया तो उनके साथ पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार भी मौजूद थे. कपिल देव ने प्रशांत कुमार की ओर संकेत करते हुए कहा- मैं तो डीजीपी साहब की बड़ी तारीफ कर रहा था. कुमार साहब हद्द कर दी. कॉर्पोरेट ऑफिस से बड़ा ऑफिस लग रहा है. इतनी अच्छी सुविधा मिलती है और क्या चाहिए.इस दौरान कपिल देव ने इस साल फरवरी में सपंन्न हुए महाकुंभ की भी प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि इतने बेहतर इंतजाम थे कि 60 करोड़ लोग आए. उन्होंने कहा कि आज और पहले के यूपी में काफी अंतर है. बहुत बदलाव आया है.

## यूपी में आज भी झमाझम बारिश का अलर्ट, आगरा से गोरखपुर तक तेज आंधी-तूफान की चेतावनी



उत्तर प्रदेश में मौसम बदल चुका है. शुक्रवार को तेज आंधी तूफान के साथ हुई बारिश की वजह से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है. मौसम विभाग के मुता. बिक प्रदेश में 6 मई तक गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान जताया गया है. शनिवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में झमाझम बारिश होगी, इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी और मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने और ओले गिरने की भी संभावना जताई है. नोएडा-गाजियाबाद समेत यूपी के तराई क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिसकी वजह से कई जगहों पर पेड़ गिर गए और बिजली के तार टूटने की वजह से बत्ती गुल गई है. सहारनपुर, लखीमपुर खीरी से हरदोई और वाराणसी मं बारिश हुई. बिजली गिरने की वजह से कई जगहों से हादसों की खबर भी सामने आई है. पेड़ गिरने की वजह से यातायात प्रभावित हुआ. मौसम विभाग के मुताबिक आज पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में गईं जगहों पर गरज-चमक के साथ बारिश की बौछारें पड़ने की संभावना है. जिसके बाद कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ वज्रपात और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है. रविवार को भी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. प्रदेश में 6 मई तक तेज बारिश का अनुमान है. हालांकि 7-8 मई को भी कई जगहों पर बारिश हो सकती हैं. बारिश की वजह से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है. अगले 4-5 दिनों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आएगी. यूपी में आज मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, कानपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, मीरजापुर, सोनभद्र, चंदौली, गा. जीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, महाराजगंज, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, बलरामपुर, बहराइच, लखीमपुरखीरी, पीलीभीत, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर में कई जगहों पर मेघ गर्जन और धूल भरी आंधी के साथ तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इसके साथ ही बागपत, मेरठ, अमरोहा, गाजियाबाद, नोएडा, हापुड़, अलीगढ़, हा. थरस, संभल, बदायूं, कासगंज, एटा, मै. नपुरी, फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, अयोध्या, लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, आजमगढ़, मऊ, जौनपुर और वाराणसी में एक या दो जगहों पर बारिश का अनुमान है. तापमान की बात करें तो पिछले 24 घंटों में उरई, झांसी, बांदा, लखीमपुर खीरी, प्रयागराज में सर्वाधिक तापमान 39-41 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया. जबकि मेरठ, आगरा, अलीगढ़, चुर्क और बलिया में सबसे कम न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है.

## गोरखपुर बिजली के तार पर भूण मिलने पर इलाके में मची सनसनी

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के एक कस्बे में बिजली के तार पर भ्रूण लटकता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई. इसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने भ्रूण को डंडे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. बिजली के तार पर भ्रूण लटकता मिलने से लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं. पुलिस को अंदेशा है कि किसी मकान या दुकान की छत के ऊपर के हिस्से से फेंका गया है. पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है. गोरखपुर के सहजनवां के वार्ड नंबर 7 में शुक्रवार सुबह बिजली के तार से एक भ्रूण झूलता मिला. भ्रूण की 4 से 5 महीने का बताया जा रहा है. मोहल्ले वालों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. भ्रूण को पा. `स्टमार्टम के लिए भेजा गया है. पुलिस का कहना है कि ऐसा लगता है किसी ने बाहर से लाकर भ्रूण को यहां फेंका है. पुलिस आसपास के सीसीटीवी देखकर पहचान करने में लगी हुई है. घटना सहजनवां कस्बे के वार्ड नंबर 7 की है. लोगों में चर्चा है कि लोकलाज के भय से चोरी-छुपे किसी बिन ब्याही मां का अबॉर्शन कराने के बाद किसी ने भ्रूण को फेंक दिया है. सहजनवां नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7 में रेलवे स्टेशन है. स्टेशन से पीछे की ओर प्लेटफार्म-2 से सटा हुआ केशवपुर विद्युत केंद्र स्थित है. यहां से गुजर रहे तार पर शुक्रवार 2 मई को सुबह कुछ लोगों ने भ्रूण लटकता देखा, जो तार में फंसकर हवा झूल रहा था. कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर पुलिस को मामले की सूचना दी.सहजनवा पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को नीचे गिरा कर उसको कब्जे में लिया. इसके बाद पुलिस ने आने जाने वालों और मोहल्ले के लोगों से जानकारी की. पुलिस ने बताया कि भ्रूण करीब 4 से 5 महीने का लग रहा है. मोहल्ले में मेडिकल से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं होती है. माना जा रहा है कि कहीं और से अबॉर्शन कराने के बाद भ्रूण को यहां फेंका गया है. या फिर किसी ने घर में अबॉर्शन करा कर भ्रूण को छत से फेंका है, जिससे वह तारों में फंस गया.पुलिस का मानना है कि भ्रूण को सड़क से 20 फिट से ज्यादा ऊपर फेंकना संभव नहीं है. लोगों से पूछताछ के आधार पर पुलिस इस मामले का पता लगाने में जुटी है. आस पास के सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं. घटना स्थल से 500 मीटर की परिधि में एक हॉस्पिटल है. एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव का कहना है आसपास के घरों में भी जांच की जा रही है.

## अवैध मदरसों और अतिक्रमण पर ताबड़तोड़ एक्शन, नेपाल सीमा से सटे जिलों में चला योगी का बुलडोजर

उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुक्रवार को भी जारी रही. इस दौरान पीलीभीत, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज में प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया. इनमें श्रावस्ती और महाराजगंज में बड़े स्तर पर अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया है. प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई के तहत अब तक बलरामपुर में 20 अवैध निर्माणों को हटाया गया और 6 मदरसे सील किए गए हैं. इसी प्रकार सिद्धार्थनगर में 17 अवैध मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. पीलीभीत में 7 अवैध मदरसे और 77 अवैध धार्मिक स्थल हटाए हैं. जिला प्रशासन के मुताबिक यहां 20 मदरसे मानक विहीन पाए गए, जिन्हें सील किया गया है. इनके अलावादो मदरसों को अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया था लेकिन वो अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके. ग्राम भगहा कला, भचकहिया और नंद महरा में तीन गैर मान्यता प्राप्त मदरसे पाए गए, जिन्हें बंद कराया गया है. नेपाल सीमा से सटे जिलों में ताबड़तोड़ एक्शन बहराइच जिले में गुरुवार तक भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में 384 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं. इनमें से 143 को हटा दिया गया है, जबकि शेष 241 अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई राजस्व विभाग और पुलिस की



संयुक्त टीम द्वारा की जा रही है. अब तक छह अवैध मदरसों को सील किया जा चुका है.सिद्धार्थनगर जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले में नेपाल सीमा से 10 किलोमीटर अंदर तक कुल 21 अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं, जिनमें चार अवैध धर्मस्थल और 17 अवैध मदरसे शामिल हैं. जिला प्रशासन ने 20 अतिक्रमणों को नोटिस जारी की है, जबकि एक अतिक्रमण को हटा दिया गया है. श्रावस्ती में 53 मदरसों को सील किया गया है. 151 मदरसों पर बेदखली की कार. `वाई की गई जबकि भिनगा तहसील के ग्राम भरथा रोशनगढ़ में अवैध धार्मिक स्थल के ध्वस्त किया गया है. पीलीभीत में सात अवैध मदरसों को चिह्नित किया गया है, जिनमें से दो के खिलाफ नोटिस की कार्रवाई शुरू की गई है. इसके अलावा, 77 अवैध धर्मस्थलों में से तीन को नोटिस दी गई है. महाराजगंज में सीमा से सटे तीन तहसीलों- नौतनवा, निचलौल और फरेंदा में कुल 34 अवैध धार्मिक स्थल और मदरसे पाए गए हैं. इनमें से 25 के खिलाफ 67(1) की कार्रवाई की गई है. शेष आठ में से दो मदरसों को हटाकर स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है. दो के निर्माण को ध्वस्त किया गया है, एक को कब्जा मुक्त कराकर भूमि को ग्राम समाज को सौंप दिया गया है.आपको बता दें कि यूपी सरकार ने स्पष्ट किया है कि नेपाल सीमा के 10 किलोमीटर दायरे में किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे, धार्मिक या शैक्षणिक संस्थान के अवैध संचालन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि चिन्हित अतिक्रमणों को शीघ्रता से हटाया जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए.

## 51 लाख रुपये हड़पने के लिए दिव्यांग का मर्डर, आरोपी गिरफ्तार कर पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पुलिस ने 51 लाख रुपये के जीवन बीमा दावे के लिए एक दिव्यांग दलित व्यक्ति की हत्या की साजिश का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो भाइयों, दोषी अपराधी और बीमा एजेंट को गिरफ्तार किया है.यह एक सड़क दुर्घटना नहीं थी. पीड़ित दिव्यांग दरियाब जाटव के बीमा दावे के लिए उसकी हत्या की गई. हत्यारों ने पहले उसके सिर पर हथौड़े से वार किया और फिर उसे दुर्घटना का रूप देने के लिए वाहन से कुचल दिया.''चंदौसी पुलिस थाने में पिछले साल एक अगस्त को एक प्राथमिकी दर्ज की गई जिसमें कहा गया कि सैनिक चौराहे के पास एक 'हिट-एंड-रन' में दरियाब की मौत हो गई. बदायूं जिले के ढिलवारी गांव निवासी उसके भाई राजेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई थी. कोई सुराग न मिलने पर पुलिस ने मामले को दुर्घटना मानकर बंद कर दिया और दिसंबर में अंतिम रिपोर्ट (एफआर) दाखिल कर दी.एसएसपी के मुताबिक नौ माह बाद सच्चाई तब सामने आई, जब बीमा कंपनी के पास 50.68 लाख रुपये का संदिग्ध बीमा दावा पहुंचा. बीमाकर्ता ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा और उनकी टीम ने दोबारा जांच की. जांच में कई विसंगतियां सामने आईं. अपर पुलिस अधीक्षक शर्मा ने बताया, ''दरियाब दिव्यांग था और अपने घर से 27 किलोमीटर दूर नहीं चल सकता था, फिर भी दावे में कहा गया कि उसकी मौत उसके घर से दूर रात करीब 10 बजे एक दुर्घटना में हुई. इससे गंभीर संदेह पैदा हुआ.''संदिग्धों से पूछताछ के बाद आखिरकार मामला खुला. पुलिस ने बताया, ''हत्या की साजिश दो भाइयों हरिओम और विनोद ने रची थी, जिन्हें पैसों की सख्त जरूरत थी. उन्हें बीमा एजेंट पंकज राघव ने सलाह दी थी कि वे किसी गंभीर रूप से बीमार या शारी. रिक रूप से अक्षम व्यक्ति का बीमा कराएं. एक साल के दौरान उन्होंने दरियाब के नाम पर कई जीवन बीमा पॉलिसी लीं. जब पॉलिसी परिपक्व हो गईं, तो साजिश. कर्ताओं ने हत्या को अंजाम देने के लिए पहले से एक अन्य मामले मे दोषी ठहराए जा चुके प्रताप को 50,000 रुपये दिए. ''पुलिस अधीक्षक ने कहा, ''घटना की रात विनोद ने दरियाब पर हथौड़े से वार किया. इसके बाद प्रताप ने दुर्घटना दिखाने के लिए उसे कार से कुचल दिया.'' आरोपी बीमा भुगतान से 15.68 लाख रुपये प्राप्त करने में सफल हो गए, लेकिन फर्जीवाड़े का पता चलने पर शेष राशि रोक दी गई. चारों आरोपियों हरिओम, विनोद, प्रताप और बीमा एजेंट पंकज राघव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. पुलिस अधीक्षक विश्नोई ने मामले को सुलझाने वाली टीम को 25,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है.

## हाथरस में आज सुबह 7:30 बजे से तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश शुरू

हाथरस में आज सुबह 7रू30 बजे से तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश शुरू हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। कल का अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस था। आज तापमान घटकर अधिकतम 36 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।बदले हुए मौसम से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश में लोग अपना बचाव करते हुए भी दिखाई दिए।हवा और बारिश के कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली लाइनों में फॉल्ट आ गए। इससे कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बारिश से गलियों और सड़कों पर पानी भर गया। शहर में स्थान स्थान पर कीचड़ भी व्याप्त हो गई। बरसात से सामान्य दिनचर्या प्रभावित हुई। शहर की सड़कें सुनसान दिखाई दीं। लोग बारिश से बचाव करते नजर आए। बाजारों में सुबह लोगों की आवाजाही काफी कम रही। बिजली कटौती और जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



## हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर के पास एक सड़क हादसा हुआ

हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर के पास एक सड़क हादसा हुआ। मोपेड और बाइक की आमने–सामने की टक्कर में 45 वर्षीय मोपेड सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है।वह गांव जलालपुर का रहने वाला था। अनिल कपड़ों की फेरी लगाकर अपना गुजारा करता था। हादसे के समय वह अपनी मोपेड से काम पर जा रहा था। गांव के बाहर उसकी मोपेड एक अन्य गांववासी की बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनिल की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार भी इस हादसे में घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। अनिल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल बाइक सवार को भी इलाज के लिए अस्पताल लाया गया । पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अनिल अपने पीछे एक बेटी समेत परिवार को छोड़ गया है।

## हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में निर्माणाधीन बरेली–मथुरा नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसा हुआ

हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में निर्माणाधीन बरेली–मथुरा नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसा हुआ। गांव केलोरा के पास बाइक मिट्टी में फिसल गई। हादसे में बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई।मृतक की पहचान मथुरा जमुना पार कोतवाली क्षेत्र के गांव ढहरुआ निवासी 45 वर्षीय दानी सिंह के रूप में हुई। दुर्घटना में उनके साथ सवार वीरू और उसकी 7 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।दानी सिंह अपने दोस्त वीरू और उसकी बेटी को लेकर सिकंद्राराऊ के गांव अगसौली से वापस लौट रहे थे। वीरू की ससुराल अगसौली में है। बाइक मिट्टी में फिसलने से तीनों सड़क पर गिर पड़े।पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम को भेजा सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दानी सिंह के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। दानी सिंह खेती–बाड़ी का काम करते थे। घटना की जानकारी मिलने पर उनके परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

## हाथरस में सादाबाद–जलेसर मार्ग स्थित सत्यम कोल्ड स्टोरेज में एक चौकीदार की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया

हाथरस में सादाबाद–जलेसर मार्ग स्थित सत्यम कोल्ड स्टोरेज में एक चौकीदार की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। गांव गढ़ी खंजमा के 42 वर्षीय राजकुमार का शव कोल्ड स्टोरेज की दूसरी मंजिल के चेंबर में गमछे से लटका मिला।राज. कुमार शुक्रवार सुबह से लापता था। परि. जनों ने कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रात 11रू30 बजे पुलिस, परिजन और कोल्ड स्टोरेज मालिक ने निचली मंजिल में तलाश की, लेकिन कुछ नहीं मिला। शनिवार तड़के 2 बजे परिजनों को सूचना मिली कि राजकुमार का शव मिल गया है।मौके पर हाथरस से फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड पहुंची। जांच के बाद शव को नीचे उतारा गया। परिजनों ने कोल्ड स्टोरेज मालिक और कर्मचारियों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हत्या कर शव को पिलर पर लटकाया गया है।मृतक के भाई अशोक और टीटू ने कोतवाली में पांच लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या आत्महत्या की पुष्टि हो सकेगी। शव को हाथरस मॉर्च्युरी भेज दिया गया है।मृतक की बेटी मोनिका का कहना है कि उनके पिता का मर्डर हुआ है उन्हें सीबीआई जांच चाहिए। ओल्ड मलिक ने हमें केवल एक ही चेंबर दिखाया। पुलिस पर आरोप लगाते हुए मोनिका ने कहा कि पुलिस ने भी हमें गुमराह किया है।मृतक राजकुमार के चचेरे भाई पूरन सिंह का कहना है कि कॉल मलिक स्टाफ एवं पुलिस ने उनको गुमराह किया केवल एक ही नीचे वाले चेंबर को दिखाकर इतिश्री कर ली। हमसे कहा गया कि काफी ठंडा है आप देख नहीं पाओगे।इसके 10 मिनट बाद फोन आ गया क्या आपका राजकुमार मिल गया है और उसके बाद जिस चेंबर में उसका शव लटका हुआ था। वह बाहर से बंद था। पहले यह कहा गया था कि उनके पास चाबी नहीं है फिर उनके पास चाबी कैसे आ गई। इससे साफ जाहिर होता है कि उनके भाई का मर्डर किया गया है।पुलिस में कोल्ड मालिक भगवान दास के दोनों पुत्र शिव कुमार ,लक्ष्मी नारायण गौतम, के साथ में तहरीर में दिए हुए नाम नीरज और कोल्ड स्टोर में मौजूद दो मशीन ऑपरेटर को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।



## हाथरस में किला स्थित श्री दाऊजी महाराज मंदिर में जिले की 28वीं वर्षगांठ का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया

हाथरस में किला स्थित श्री दाऊजी महाराज मंदिर में जिले की 28वीं वर्षगांठ का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री दाऊजी महाराज मंदिर में महा आरती के साथ केक काटा गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामवीर उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी गई।उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने बताया कि हाथरस को जिला बनाने का श्रेय पूर्व मंत्री रामवीर उपाध्याय को जाता है। उन्होंने जिला बनवाने के लिए अपनी मंत्री पद की कुर्सी तक दांव पर लगा दी थी।जब सपा सरकार ने हाथरस जिले को समाप्त कर दिया था, तब उपाध्याय ने अन्न त्याग की घोषणा की थी। उन्होंने जिले को पुनर्स्थापित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक में लड़ाई लड़ी।स्थानीय लोगों ने बताया कि जिला बनने के बाद हाथरस का विकास हुआ। सरकारी कार्यालय स्थापित हुए और रोजगार के अवसर बढ़े। पहले लोगों को अलीगढ़ और मथुरा जाना पड़ता था।इस दौरान कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विनोद उपाध्याय, रामेश्वर उपाध्याय, योगेंद्र शर्मा, चिराग उपाध्याय, केके दीक्षित, प्रमोद शर्मा, अतुल आंधीवाल, अनिल बौहरे, मुकेश दीक्षित, सुधीर पचौरी, हरिमोहन गुरुजी, लवकुश शर्मा, समेत काफी लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बृजेश वशिष्ठ ने किया।

## हाथरस के सादाबाद तहसील में किसान अजीत कुमार एक दिन के लिए बने अरबपति

हाथरस के सादाबाद तहसील में किसान अजीत कुमार एक दिन के लिए अरबपति बन गए थे। एयरटेल पेमेंट बैंक खाते में अचानक 10 नील ( 1ए की रकम दिखाई दी। यह रकम 10 नील 1 खरब 35 अरब 60 करोड़ 13 लाख 95 हजार 451 खरब 235 अरब 60 करोड़ 13 लाख 89 हजार 542 रुपए है।किसान ने बताया कि एक दिन पहले उनके खाते से 1800 रुपए की धोखाधड़ी हुई थी। अगले दिन उन्होंने अपने खाते में यह विशाल रकम देखी। फ्रॉड का शिकार होने के डर से उन्होंने तुरंत कोतवाली सादाबाद में शिकायत दर्ज कराई। साथ ही साइबर सेल में भी ऑनलाइन शिकायत की। किसान के पास केवल आठ बीघा का जमीन है और वह खेती–बाड़ी का काम करता हैसादाबाद के सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि यह मामला साइबर क्राइम का है। शिकायत को जनपद के साइबर क्राइम विभाग को भेजा जा रहा है और जांच शुरू कर दी गई है।केनरा बैंक के प्रबंधक दीपांशु ने इस मामले पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी रकम किसी खाते में आना संभव नहीं है। यह एक टेक्निकल गड़बड़ी हो सकती है। उन्होंने बताया कि एयरटेल पेमेंट बैंक के पास भी इतनी रकम नहीं है कि वह किसी के खाते में ट्रांसफर कर सके।



## हाथरस जिले का हैप्पी बर्थडे, 28 साल के सफर में चार बार बदला गया नाम

हाथरस को जिले बनाए रखने के लिए मुख्य रूप से अधिवक्ताओं, शहर के समा. जसेवियों, व्यापारिक संगठनों ने जनपद बचाओ आंदोलन की शुरूआत की। लगभग तीन साल बाद वर्ष 2007 में हाईकोर्ट के आदेश पर जिला फिर बहाल हो गया। हा. थरस जिले के नाम पर भी खूब सियासत हुई। बसपा सरकार ने जब हाथरस को जिला घोषित किया तो इसका नाम महामाया नगर रखा। इसके बाद फिर कल्याण सिंह की सरकार बनी तो जिले का नाम हाथरस कर दिया गया। फिर बसपा की सरकार बनने पर जिले का नाम महामायानगर कर दिया गया। सपा की सरकार बनी तो जिले का नाम फिर हा. थरस कर दिया गया।इगलास तहसील को अलग कर किया गया था जिले का सृजनहाथरस को जिला बनाने की मांग 1990 में उठने लगी थी। तीन मई 1997 को तत्कालीन उर्जा मंत्री रामवीर उपाध्याय के प्रयासों से इसकी घोषणा हुई। अलीगढ़ की हाथरस, सिकंदराराऊ व इगलास और मथुरा की सादाबाद तहसील को अलीगढ़ और मथुरा जनपदों से अलग कर नया जिला बनाया गया था। वहां के लोगों ने विरोध किया तो इगलास तहसील को फिर अलीगढ़ जिले में शामिल कर दिया गया। हाथरस लोकसभा क्षेत्र में आज भी इगलास शामिल है। तब सासनी को शामिल करते हुए हाथरस को चार तहसील दी गई।. उम्मीदों के अनुरूप उद्योग धंधों को नहीं मिल पाया लाभ जिला बनने के बाद लोगों को यह उम्मीद थी कि उद्योग धंधों का विकास होगा। हाथरस की पहचान पहले की तरह कानपुर के बाद प्रदेश में दूसरा औद्योगिक शहर बन जाएगा। शहर में



रंग–गुलाल उद्योग, दाल उद्योग, हैंडीक्राफ्ट उद्योग के अलावा सिकंदराराऊ के पुरदिलनगर का मूंगा मोती उद्योग, सासनी का कांच उद्योग, बिसावर का चांदी उद्योग को सरकारी प्रोत्साहन नहीं मिला। हाथरस का दलहन उद्योग, मूंगा मोती उद्योग, सासनी का कांच उद्योग दम तोड़ गए। शहर के तीन बड़े मिल भी खत्म हो गए।ट्रांसपोर्ट नगर नहीं बना, इत्र–गुलाबजल और गुलकंद को मिला जीआईटैगहाथरस में 28 साल बाद भी ट्रां. सपोर्ट नगर नहीं बना। इसका सीधा असर जनपद के उद्योग धंधों पर पड़ा है। एक जनपद एक उत्पाद में हींग उद्योग व रेडी. मेड गारमेंट्स उद्योग के शामिल हुआ है। हसायन के इत्र, गुलकंद, गुलाब जल उद्योग को जीआई टैग मिला है।स्वास्थ्य औरव्यवसायिक शिक्षा में जिला फिसड्डी हा. थरस जिला सबसे ज्यादा स्वास्थ्य सेवाओं में फिसड्डी है। जिला स्तरीय सरकारी अस्पताल हैं, लेकिन यहां भी पर्याप्त चि. कित्सक व संसाधन नहीं है। हाथरस से बाद में जो जनपद बने, वहां मेडिकल कॉलेज खुल गए, लेकिन 28 साल बाद भी हाथरस जिले में मेडिकल कॉलेज नहीं बना। छोटी बीमारियों के लिए भी यहां के मरीजों को आगरा या अलीगढ़ भेजा जाता है। यहां सरकारी व्यवसायिक शिक्षा के नाम पर कोई उच्च संस्थान नहीं है। सात दशक पुराने एमजी पॉलीटेक्निक को भी इंजीनियरिंग कॉलेज का दर्जा नहीं मिला। ।हाथरस जिले में आज भी नहीं कई जिला स्तरीय कार्यालयजिले में अभी भी भूगर्भ जल विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभाग के कार्यालय नहीं है। नेडा का दफ्तर यहां नहीं हैं। अभी भी यहां अलीगढ़ और हा. थरस की सहकारी बैंक ही संचालित है। जिला बनने के बाद महिला थाना व साइबर थाना की बात छोड़ दें तो जिले में कोई नया थाना नहीं बना। कोई नई नगर पंचायत नहीं बनी। कोई नया ब्लॉक सृजित नहीं हुआ।

## क्षत्रिय महासभा के महासचिव की याचिका पर अब हाथरस कोर्ट में 8 मई को होगी सुनवाई

हाथरस की एमपी–एमएलए कोर्ट में क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महासचिव मतेंद्र सिंह गहलोत की याचिका पर सुनवाई होगी। गहलोत ने याचिका में कहा कि समाजवादी पार्टी के सांसद ने राज्यसभा में महाराणा सांगा को गद्दार कहकर क्षत्रिय समाज का अपमान किया।याचिकाकर्ता ने बताया कि वे महाराणा सांगा के वंशज हैं। सांसद ने 22 मार्च को सोशल मीडिया पर भी यह विवादित बयान दोहराया। गहलोत का कहना है कि इस तरह के बयान से सामा. जिक सौहार्द बिगड़ने और जातीय संघर्ष फैलने का खतरा है। उन्होंने पहले थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की। कार. 'वाई न होने पर एसपी को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजी। न्यायालय ने आदेश दिया है कि प्रकरण में थाना हाथरस गेट से संबंधित क्षेत्राधिकारी से जांच कराई जाए।मुन्ना सिंह पुंडीर कर रहे पैरवी क्षेत्राधिकारी को 21 अप्रैल 2025 तक प्रा. रंभिक जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए । इधर, अभी तक न्यायालय में पुलिस की रिपोर्ट नहीं आई है। ऐसे में अब न्यायालय में इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंडीर पैरवी कर रहे हैं।




# जिलाधिकारी ने गभाना तहसील दिवस में जनसमस्याओं का कराया निस्तारण

## अधिकारी समय का सदुपयोग करते हुए समस्याओं का कराएं निस्तारण



जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में गभाना में समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया शासन के निर्देश पर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं को सुनने पहुंचे डीएम ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गम्भीरता से सुन अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।श्री रंजन ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि जनसामान्य को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य जन समस्याओं का प्रभावी समाधान है, अतः सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह समय का सदुपयोग करते हुए समस्याओं का निस्तारण कराएं। यदि किसी अधिकारी के पास कोई शिकायती प्रकरण नहीं है तो पूर्व निस्तारित शिकायतों की गुणवत्ता को जांचें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 70 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।इस अवसर पर एडीएम वित्त मीनू राणा, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, पीडी डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी, डीडीओ आलोक आर्य, उपजिलाधिकारी गभाना विनीत मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तोमर, तहसीलदार उदयवीर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अधिकारी मा0 जनप्रतिनिधियों के पत्रों को जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टर में दर्ज कर ससमय कृत कार्यवाही से कराएं अवगत



अलीगढ़(आयुक्त अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ श्रीमती संगीता सिंह ने बताया है कि प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन संसदीय शिष्टाचारध्पत्राचार कार्यान्वयन अनुभाग द्वारा मा0 सांसदों, विधान मण्डल के मा0 सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधयों से प्राप्त पत्रों पर त्वरित कार्यवाही के सम्बन्ध में आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।. उन्होंने बताया कि मा0 सांसदों एवं विधान मण्डल के मा0 सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधयों से प्राप्त पत्रोंके सम्बन्ध में प्रत्येक सरकारी कार्यालय में एक श्जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टरश्र रखने एवं उसमें पत्रों का विवरण दर्ज कर जनप्रतिनिधियों को पावती भेजे जाने के साथ ही प्रकरण के निस्तारण की स्थिति से सम्बन्धित जनप्रतिनिधि को यथाशीघ्र अवगत कराये जाने के संबंध में दिशानिर्देश निर्गत किये गये हैं, ताकि मा0 जनप्रतिनिधियों को उसी मामले में बारबार अनावश्यक पत्राचार न करना पड़े। मण्डलायुक्त ने कहा कि शासन के संज्ञान में आया है कि कतिपय विभागों व जिलों के अधिकारियों द्वारा मा0 जनप्रतिनिधिगण के पत्रों को गंभीरता से न लेकर उन्हें कृत कार्यवाही से अवगत नहीं कराया जा रहा है और मा0 सदन एवं मा0 समितियों की बैठकों में मा0 सदस्यों द्वारा यह विषय उठाये जाने पर शासन के समक्ष असहज स्थिति उत्पन्न होती है, जो कि अत्यन्त खेदजनक है।मण्डलायुक्त ने उक्त के क्रम में मण्डल के सभी जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक, उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, नगर आयुक्त एवं सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा दिये गये विस्तृत दिशा–निर्देशों का अपनेअपने जनपदों में कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए इस सम्बन्ध में समस्त विभागों को सर्कुलर जारी करें। उन्होंने मा0 सां. सदों, विधान मण्डल के मा0 सदस्यों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों को श्जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टरश्र में अंकित करते हुए पत्रों की पावती सम्बन्धित मा0 सदस्य को प्रेषित करते हुए प्राप्त प्रकरण के सम्बन्ध में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से सम्बन्धित मा0 सदस्य को यथाशीघ्र अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

# अलीगढ़ में होगा बिगेस्ट मॉडल ब्रांड फेस्टिवल ऑडिशन चार मई को

अलीगढ़।उत्तर प्रदेश में फैशन इंडस्ट्री की दिशा और दशा बदलने वाला सबसे बड़ा इवेंट श्उत्तर प्रदेश बिगेस्ट मॉडल ब्रांड कोलैब फेस्टिवलश पूरे राज्य में युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका लेकर आया है।जिसका अलीगढ़ ऑडिशन चार मई को शहर के होटल धीरज पैलेस में होने जा रहा है।ये जानकारी देते हुए इवेंट कंपनी के एमडी प्रशांत झा ने बताया कि यह इवेंट न सिर्फ मॉडलिंग टैलेंट को एक बड़ा मंच दे रहा है,बल्कि ब्रांड्स और इंडस्ट्री से जुड़ने का सीधा रास्ता भी खोल रहा है।उन्होंने कहा कि अब तक ग्वालियर,मथुरा और आगरा में हुए ऑडिशन में जबरदस्त जोश और जुनून देखने को मिला और तीनों शहरों में सैकड़ों युवाओं ने भाग लेकर अपने फैशन और मॉडलिंग के हुनर से सबको प्रभावित किया।हर शहर की ऑडिशन लोकेशन पर भारी भीड़ और गजब की एनर्जी देखने को मिली।जिससे ये साफ हो गया कि छोटे शहरों में भी मॉडलिंग का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होने के अलावा ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी अलीगढ़ में मौके पर होंगे।वहीं मॉडलिंग फैशन फेस्टिवल की सूत्रधार संगीता शर्मा ने बताया है कि मॉडलिंग की दुनिया में कदम रख उड़ान भरने बालों के लिए अलीगढ़ ऑडिशन एक अच्छा मौका है।इतना ही नहीं चार मई को सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस इवेंट के बाद ग्रैंड फिनाले में बॉलीवुड और टीवी एक्ट्रेस डॉ.यामिनी मल्होत्रा विशेष रूप से प्रतिभाग करेंगी।उन्होंने कहा कि इस फे. स्टिवल से प्रतिभागियों को बड़े बड़े ब्रांड्स के साथ सीधा जुड़ने का मौका मिलेगा और उनका प्रोफेशनल पोर्टफोलियो डेवलप किया जाएगा।

# वृक्षारोपण के लिए हुआ मंथन–नगरीय क्षेत्र में नगर निगम लगायेगा 16000 पेड़,वृक्षारोपण को लेकर नगर आयुक्त ने की समीक्षा,अधीनस्थों को सौपे दायित्व

अलीगढ़।नगर निगम ने वृक्षारोपण की तैयारियों को अभी से शुरू कर दिया है। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने इस बार शासन द्वारा नगरीय क्षेत्र में 16000 वृक्षारोपण के लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक संख्या में नगरीय क्षेत्र के सभी स्कूल के बच्चों के हाथो एक पेड़ लगाने की पहल को शुरू करने का निर्णय लिया है।वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त ने प्रभारी अधिकारी उद्यान डॉ.राजेश वर्मा को नगर निगम के खाली पड़े भूखण्डों,तालाबों, पोखरों,मुख्य मार्गो,डिवाइडरों पार्को के साथ–साथ शासकीय भवनों में वृक्षारोपण के लिए कार्ययोजना तीन दिवस में बनाए जाने के निर्देश दिए हैं।नगर आयुक्त इस बार वृक्षारोपण व नगरीय पार्कों के जीर्णोद्धार के लिए निर्माण विभाग और उद्यान विभाग के अलग अगल दायित्व भी निर्धारित कर दिए है और आने वाले कुछ समय में नगरीय क्षेत्र के अधिकांश पार्कों में पौधरोपण के साथ साथ आवश्यकता अनुसार ओपन जिम,फुटपाथ आदि की व्यवस्था नगर निगम करने जा रहा है।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा इस बार वृक्षारोपण मुहिम सामाजिक संगठनों के साथ साथ विभिन्न स्कूलों को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।इसके लिए नगर निगम विभिन्न स्कूलों को आवश्यकता अनुसार पेड़ भी निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।नगर निगम द्वारा पूर्व में सारसौल मरघट के सामने लगभग 1276 वर्ग मीटर, ईसापुर पार्क में 300 वर्ग मीटर तथा अस. दपुर कयाम में 2500 वर्गमीटर में वृक्षारोपण कराया गया तथा आने वाले दिनों में इसी पद्धति पर अन्य स्थानों के चयन के उपरान्त नंदन वन बनाए जाने का कार्य किया जायेगा।समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव,प्रभारी उद्यान डॉ.राजेश वर्मा,सहायक अभियन्ता सिब्ते हैदर अवर अभियन्ता संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# कागज पर बच्चों ने उकेरे मनोभाव

अलीगढ़।बाल पत्रिकाश्अभिनव बालमनश्द्वारा मिशन इंटरनेशनल अकादमी मेंश्मेरा मन मेरे रंगश्का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से अपने विचारों को उकेरा।कार्यक्रम में 136 बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभाग किया।विद्यालय के प्रबंधक आशीष शर्मा ने कहा कि चित्रकारी बच्चों के लिए प्रिय होती है और मेरा मन मेरे रंग के माध्यम से इस प्रिय गुण को प्रकाशित होने का अवसर मिलेगा जो बच्चों के हौसले में वृद्धि करेगा।प्रधानाचार्या शीतल शर्मा ने कहा कि विभिन्न विषयों उकेरे गए चित्र बच्चों की कल. पनाशीलता का परिणाम हैं।कार्यक्रम का संयोजन लखन ने किया और इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका अनीता,सुनीता,अनीशा एवं सोनी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

अलीगढ़ माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, माननीय जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 10 मई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना हैअपर जिला जज पूर्णक. ालीन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयोंधविभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों जैसे फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के बाद जो न्यायालयों में छोटेछोटे प्रकृति के मामलें लम्बित हो एवं उक्त के अतिरिक्त पारिवा. रिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों व प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित, प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है।उन्होंने वादक. ारीगण से अपेक्षा की है कि वे अपने मामले का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराने के इच्छुक हो तो वह अपना प्रार्थना पत्र सम्बन्धित न्यायालय या कार्यालय को नियत तिथि से पूर्व प्रेषित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

# मथुरा निवासी वृद्ध राकेश की मदद के लिए हैंड्स फॉर हैल्प ने उठाए अपने हाथ

अलीगढ़।हैंड्स फॉर हेल्प सामाजिक संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि मलखान सिंह जिला अस्पताल में मथुरा जनपद निवासी 65 वर्षीय बाबा राकेश कुमार अपना उपचार करा रहे हैं।लेकिन उनको रक्त की अति शीघ्र आवश्यकता है और उनको कोई रक्त देने वाला नहीं है जबकि अथक प्रयास करने के बाद भी जब बाबा को कहीं से कोई भी मदद नहीं मिली तो हैंडस फॉर हैल्प सामाजिक संस्था को इस बाबत सूचना दी गई और संस्था ने जब जाकर देखा तो पाया कि वास्तविक रूप से बाबा को रक्त की अति शीघ्र आवश्यकता है।इसके बाद जिला अस्पताल के रक्त कोष के सहयोग से रक्त की व्यवस्था की और मदद पाकर बाबा ने संस्था का कोटि–कोटि आभार व्यक्त किया साथ संस्था के सभी सदस्यों को आशीर्वाद भी दिया।इस मानवीय कार्य मे संस्था के सदस्य डॉ.डी.के.वर्मा,नीरज रानी,जितेंद्र तिलकधारी,सत्य नारायण दीक्षित और संस्था के अध्यक्ष सुनील कुमार आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




# अलीगढ़ में मिला किसान का शव खेत जाने की बात कहकर घर से निकला था, परिजन ने रंजिश में जताई हत्या की आशंका



अलीगढ़ के थाना हरदुआगंज क्षेत्र में एक किसान का शव राजवाहे में मिला है। मृतक की पहचान नयावांस इमलानी गांव के 45 वर्षीय अमर सिंह के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, अमर सिंह शुक्रवार की सुबह खेत जाने की बात कहकर घर से निकले थे। देर शाम पुलिस ने परिजनों को भोजपुर रजवाहे में उनका शव मिलने की सूचना दी। घटनास्थल गांव से 6 किलोमीटर दूर है।परिवार का आरोप है कि अमर सिंह की प्रॉपर्टी विवाद के चलते हत्या की गई है। उनका कहना है कि हत्या के बाद शव को राजवाहे में फेंककर आत्महत्या का रूप दिया गया है।थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि राहगीरों से शव की सूचना मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच शुरू की जाएगी।

# माफिया अतीक के करीबी असद कालिया को कासगंज जेल में किया गया शिफ्ट

संवावदाता इंद्रपाल राजपूत

कासगंज माफिया अतीक अहमद के करीबी गुर्गे असद कालिया को कासगंज जेल में शिफ्ट कर दिया गया। उसे प्रयागराज की जिला कारागार नैनी से कासगंज जेल लाया गया। असाद कालिया बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में भी शामिल था अतीक अहमद के करीबी असद कालिया की जेल शुक्रवार को बदल दी गई। उसे प्रयागराज स्थित नैनी जेल से कासगंज जेल में स्थानांतरित किया गया है। असद, उमेश पाल हत्याकांड के अलावा 31 दिसंबर 2021 को करेली में प्रॉपर्टी डीलर जीशान उर्फ जानू पर जानलेवा हमले के मामले में भी अतीक और उसके बेटे अली के साथ नामजद था। इसके अलावा वह अन्य आपराधिक मामलों में भी वांछित रहा है।उस पर 50,000 का इनाम भी घोषित किया गया था। अप्रैल 2023 में उसकी



गिरफ्तारी हुई थी, जिसके बाद से वह नैनी जेल में बंद था। गुरुवार को जेल स्थानांतरण का आदेश नैनी कारागार प्रशासन को प्राप्त हुआ, जिसके बाद शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे कासगंज जेल लाया गया। असद कालिया पर हत्या, रंगदारी, अवैध खनन, सरकारी कार्य में बाधा आदि गंभीर धाराओं में कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं।

## एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ

एटा जिले के अलीगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दरियावगंज रोड पर कैलठ्ठा गांव के समीप एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने रॉन्ग साइड से बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 55 वर्षीय सुदामा देवी की मौत हो गई।सुदामा देवी फर्रुखाबाद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के भगौना की रहने वाली थीं। वह अपने बेटे के साथ दरियागंज नगला बलदेव में अपने पिता के घर आई थीं। शुक्रवार की देर शाम को वह बेटे के साथ घर वापस जा रही थीं। इसी दौरान हादसा हुआ।बेटे को मामूली चोटें आई राहगीरों ने घायल मां–बेटे को देखा और एंबुलेंस व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला को अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला के बेटे को मामूली चोटें आई हैं।मृतक के बेटे ने बताया कि वह अपनी साइड से बाइक चला रहा था। तभी सामने से आए वाहन ने रॉन्ग साइड से टक्कर मार दी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज के अधीक्षक डॉक्टर शिवकुमार ने महिला की मौत की पुष्टि की है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। हादसे की जांच जारी है। सूचना मिलते ही परिजन एटा स्थित मोर्चरी पहुंच गए हैं।

## जलेसर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, एसएसपी ने की अपील

एटा जनपद के जलेसर थाना क्षेत्र के मो. हल्ला कीरी में एक मुस्लिम युवक द्वारा हिंदू युवती को भगाने और उसके साथ गैंगरेप की अफवाह ने कस्बे में तनाव पैदा कर दिया। इस अफवाह के चलते हजारों की संख्या में दोनों समुदायों के लोग एकत्रित हो गए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई।पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि मुस्लिम युवक द्वारा हिंदू युवती को भगाने और गैंगरेप की सूचना पूरी तरह से फर्जी थी। जिस युवती के बारे में यह अफवाह फैलाई गई थी, वह अपने घर में सुरक्षित पाई गई।भ्रामक खबर के चलते हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने बाजार बंद कर नारेबाजी की और जाम लगाने की कोशिश की। इस दौरान, बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग एकत्रित हुए, जिससे मुस्लिम समुदाय के लोग भी वहां इकट्ठा हो गए।स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एटा के एसएसपी श्याम नारायण सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर 6 थानों की पुलिस फोर्स के साथ मोर्चा संभाला।एसएसपी ने जलेसर कस्बे में फ्लैग मार्च किया और जनता से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, ष्यह सब एक अफवाह के कारण हुआ है। जिस लड़की की बात की जा रही थी, वह अपने घर पर मौजूद है।ष्घटना के बाद, गुस्साए हिंदू संगठन के सदस्यों ने कोतवाली पर पहुंचकर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए नगर के नाला बाजार में जाम लगा दिया। हिंदू संगठन के नेताओं के आवाहन पर नाला बाजार पूरी तरह से बंद कर दिया गया, जिससे दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के शटर गिरा दिए।स्थानीय लोगों के अनुसार, एक संदिग्ध काले रंग की गाड़ी में लड़का–लड़की को देखकर भीड़ एकत्रित हुई, जिससे हंगामा बढ़ गया। मौके का फायदा उठाकर लड़की वहां से फरार हो गई। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है।पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है और मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी ने जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री श्याम नारायण सिंह ने बताया कि थाना जलेसर पर सूचना मिली कि समुदाय विशेष की लड़की को दूसरे समुदाय के लड़के मोटरसाइकिल पर ले गये हैं। जिस पर समुदाय विशेष के लोग उत्तेजित होकर नारेबाजी करने लगे। मौके पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस व क्षेत्राधिकारी जलेसर द्वारा जानकारी की गयी और काफी समझाया बुझाया गया।किन्तु इन लोगों ने कस्बा जलेसर के नाला चौराहे पर जाम लगा दिया तथा शासन व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जांच की गई तो यह मात्र अफवाह पाई गई। लड़की सकुशल अपने घर पर मौजूद है। मौके पर अराजक तत्वों के द्वारा फैलाई गयी अफवाह व उससे उत्पन्न अराजक स्थिति के सम्बन्ध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## कासगंज: पिता के साथ ननिहाल जा किशोरी की सड़क हादसे में मौत

कासगंज, सदर कोतवाली क्षेत्र में मथुरा–बरेली हाईवे पर पुलिस लाइन के निकट एन आर पब्लिक स्कूल की बस ने बाइक सवार पिता–पुत्री को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि मृतका के पिता का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव नगला टुंडा निवासी कोमल सिंह अपनी 15 वर्षीय पुत्री सोनी के साथ न्यायालय में तारीख पर आए थे। कोर्ट से वापस लौटते समय वह अपनी बेटी के साथ ढोलना थाना क्षेत्र के गांव सतपुरा माफी जा रहे थे, जहां सोनी की ननिहाल में जन्मदिन कार्यक्रम आयोजित था।जब दोनों बाइक से नई पुलिस चौकी के समीप मथुरा–बरेली हाईवे पर पहुंचे, तभी एन आर पब्लिक स्कूल की बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कोमल सिंह और उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद सोनी को मृत घोषित कर दिया। कोमल सिंह का इलाज जारी है।मृतका की मां ओमश्री ने बताया कि सोनी कक्षा सातवीं की छात्रा थी। बेटी की मौत से मां का रो–रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि बस और उसका चालक मौके से फरार हो गए हैं। उनकी तलाश की जा रही है। किशोरी के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कासगंज में एंटी करप्शन टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई, योगी सरकार की सख्ती के बावजूद रिश्वतखोरी बरकरार

योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई, लेकिन कासगंज जिले में रिश्वतखोरी की जड़ें गहरी हैं। एंटी करप्शन टीम की हालिया कार्रवाइयां इसकी गवाही दे रही हैं। छोटे–बड़े कामों के लिए रिश्वत का बोल. बाला है, जिससे किसान, ठेकेदार, शिक्षक, व्यापारी और सेवानिवृत्त कर्मचारी तक परेशान हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर अधिकारी और कर्मचारी रिश्वत लेकर काली कमाई कर रहे हैं।पिछले डेढ़ महीने में एंटी करप्शन टीम ने दो रिश्वतखोरों को रंगे हाथ पकड़ा। 21 मार्च 2025 को विकास भवन के डीडीओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक प्रवीण कुमार को ग्राम पंचायत ऑडिट के लिए 25,000 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई ने जिले में हड़कंप मचा दिया।दूसरी कार्रवाई 1 मई 2025 को हुई जब पचलाना सिरावली में तैनात लेखपाल वीरेंद्र को एक किसान से जमीन की पैमाइश के लिए 15,000 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया। लेखपाल ने शुरू में 30,000 रुपये की मांग की थी। जमीन सीमांकन, नामांतरण और पैमाइश जैसे कामों के लिए लेखपालों का रिश्वत लेना आम हो गया है। सरकारी योजनाओं की सब्सिडी और लाभ के लिए भी तय रेट चल रहे हैं। इन कार्रवाइयों ने कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों को बेनकाब किया लेकिन रिश्वतखोर अब सतर्क हो गए हैं।एंटी करप्शन संगठन के गठन के बाद कासगंज में पहली बार ऐसी कार्रवाइयां हुईं जिससे जनता में जागरूकता बढ़ी है। लोग अब रिश्वतखोरों के खिलाफ शिकायत करने को तैयार हैं। स्थानीय निवासी रमेश यादव ने कहा, "रिश्वत के बिना कोई काम नहीं होता। अब कार्रवाई से उम्मीद जगी है।"

## कासगंज मां भगवती अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग ने किया सीज...लापरवाही का लगा था आरोप

कासगंज, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शहर में संचालित मां भगवती अस्पताल पर सीज की कार्रवाई की है। 14 अप्रैल को परिजनों ने महिला की मौत के बाद शव रखकर हंगामा किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर्जन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। महिला के अंदरूनी ब्लीडिंग होने के कारण हेमेटोमा और पौने तीन किलो कलेक्शन पेट में निकला था। दरअसल आठ अप्रैल को एटा जनपद के कासोन निवासी धर्मेंद्र ने प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी मीरा देवी को मां भगवती अस्पताल किसरोली रोड पर भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने जच्चा–बच्चा खतरे में बताते हुए ऑपरेशन कर दिया। शाम को ब्लड लगा दिया। जिससे महिला की तबीयत खराब हो गई। अस्पताल संचालक महिला को इलाज के लिए अपने आगरा के अस्पताल ले गये।महिला को कोई आराम नहीं हुआ, तो एक और आगरा के अस्पताल में दिखाया। जहां 13 अप्रैल की रात को मीरा ने दम तोड़ दिया। परिजन शव को लेकर कासगंज





आ गये। जहां परिजनों ने शव अस्पताल के आगे रखकर हंगामा किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।सीएमओ डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि शहर के मां भवगती हॉस्पिटल में एक महिला की मौत के मामले में हंगामा हुआ था। मृतका के परिजनों की शिकायत पर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम और तहरीर के आधार पर हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जाएंगी।मीरा देवी की आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग से लेकर कोतवाली पुलिस तक को सकते में डाल दिया। कोतवाली पुलिस ने अस्पताल संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण अंदरूनी ब्लीडिंग और हेमेटोमा के अलावा पौने तीन किलो पेट में कलेक्शन मिला था।जिससे साफ जाहिर हो रहा था कि मीरा की मौत ऑपरेशन में सर्जन की बड़ी चूक हुई है। फिलहाल जांच के बाद शनिवार को पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के छोलाछान के नोडल अधिकारी डॉ. मदन, धर्मेंद्र सिंह, विमल कुमार ने अस्पताल को सीज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अहमदाबाद के चंडोला में बुलडोजर कार्रवाई के बाद चर्चा में आए लल्ला बिहारी झाड़ू बाला उर्फ महमूद की कहानी

अहमदाबाद के चंडोला में बुलडोजर कार्रवाई के बाद चर्चा में आए लल्ला बिहारी झाड़ू बाला उर्फ महमूद की कहानी सामने आई है। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के भरगैन कस्बे का रहने वाला लल्ला एक गरीब परिवार से था।बचपन में ही मजदूरी करने अहमदाबाद गया था। वहां उसने अपना साम्राज्य खड़ा किया। उसके पैतृक गांव में एक मकान है, जो अक्सर खाली रहता है। उसका एक भाई नूर मोहम्मद सरकारी अध्यापक था।गांव वालों ने लगाया आरोपस्थानीय प्रशासन ने मंगलवार को चंडोला में 10.96 लाख वर्ग मीटर तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त करवाया। इस कार्रवाई में लगभग 70 बुलडोजर और 200 से ज्यादा डंपर लगाए गए। करीब 2000 बांग्लादेशियों के मकान ढहाए गए।लल्ला बिहारी पर बांग्लादेशियों को शरण देने और उनकी मदद करने का आरोप है। उस पर हजारों बांग्लादेशियों के आधार कार्ड, पहचान पत्र और पैन कार्ड बनवाने का भी आरोप है।गांव वालों का कहना है कि लल्ला बिहारी सैकड़ों गरीब लड़कियों की शादी करवा चुका है। वह विधवा महिलाओं की भी मदद करता है। भरगैन नगर पंचायत में साढ़े पांच हजार की आबादी है। यहां 21,700 मतदाता हैं। आबादी का 98 प्रतिशत हिस्सा मुस्लिम समुदाय का है।

## बांग्लादेशियों को बसाने का आरोप, गांव वाले बताते हैं मददगार

अहमदाबाद के चंडोला में बुलडोजर कार्रवाई के बाद चर्चा में आए लल्ला बिहारी झाड़ू बाला उर्फ महमूद की कहानी सामने आई है। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के भरगैन कस्बे का रहने वाला लल्ला एक गरीब परिवार से था।बचपन में ही मजदूरी करने अहमदाबाद गया था। वहां उसने अपना साम्राज्य खड़ा किया। उसके पैतृक गांव में एक मकान है, जो अक्सर खाली रहता है। उसका एक भाई नूर मोहम्मद सरकारी अध्यापक था।गांव वालों ने लगाया आरोपस्थानीय प्रशासन ने मंगलवार को चंडोला में 10.96 लाख वर्ग मीटर तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त करवाया। इस कार्रवाई में लगभग 70 बुलडोजर और 200 से ज्यादा डंपर लगाए गए। करीब 2000 बांग्लादेशियों के मकान ढहाए गए।लल्ला बिहारी पर बांग्लादेशियों



को शरण देने और उनकी मदद करने का आरोप है। उस पर हजारों बांग्लादेशियों के आधार कार्ड, पहचान पत्र और पैन कार्ड बनवाने का भी आरोप है।गांव वालों का कहना है कि लल्ला बिहारी सैकड़ों गरीब लड़कियों की शादी करवा चुका है। वह विधवा महिलाओं की भी मदद करता है। भरगैन नगर पंचायत में साढ़े पांच हजार की आबादी है। यहां 21,700 मतदाता हैं। आबादी का 98 प्रतिशत हिस्सा मुस्लिम समुदाय का है।

## एटा के व्यापारियों ने पीएम को भेजा ज्ञापन, आतंकवाद खत्म करने की मांग

उत्तर प्रदेश के एटा जिले के अलीगंज में व्यापारियों ने कश्मीर के पहलगांव में हुई आतंकी घटना का विरोध किया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल और उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अलीगंज पंचायत के व्यापारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।अलीगंज, जैथरा, राजा का रामपुर और धुमरी के व्यापारियों ने ज्ञापन में कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी घटनाओं में अब तक कई निर्दोष लोगों और सैनिकों की जान जा चुकी है। पहलगांव के बसरैन में हुई घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। व्यापारियों ने 28 निर्दोष नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा की है।व्यापारियों ने मृतकों की आत्मा की शांति और उनके परिवारों को दुख सहने की शक्ति की प्रार्थना की है। उन्होंने आतंकवादियों से बदला लेने और पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग की है। साथ ही आतंकी ठिकानों को नष्ट करने और हाफिज सईद समेत सभी आतंकी सरगनाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत गुप्ता, जिला अध्यक्ष



प्रदीप कुमार गुप्ता, अजय किशोर, सत्येंद्र गुप्ता, राजेश कुमार, मुन्नालाल बाबू, रघुवीर, मोनू गुप्ता, प्रदीप, अनुज, दयानंद गुप्ता और रशीद सहित कई व्यापार मंडल के कार्यकर्ता मौजूद थे।